*नैक (NAAC) द्वारा "A" ग्रेड प्राप्त*

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya, Wardha**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

जनसंपर्क विभाग- Ph./Fax: 07152-252651 मो.9960562305

इ-मेल: mgahvpro@gmail.com वेबसाइट : www.hindivishwa.org

# केन्द्रीय विद्यालय वर्धा में मनाया हिंदी एवं स्वच्छता पखवाड़ा

वर्धा, 20 सितंबर 2017: हिंदी पखवाड़ा एवं स्वच्छता पखवाड़ा के समापन समारोह का आयोजन स्थानीय केन्द्रीय विद्यालय, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा, महाराष्ट्र में 15 सितंबर को उत्साह पूर्वक किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ 01 सितंबर को महात्मा गांधी अन्तरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के प्रो. डॉ. अखिलेश कुमार दूबे के द्वारा हुआ




जिसमें अतिथि व्याख्यान के अन्तर्गत उन्होंने विद्यालय परिवार को हिन्दी भाषा के महत्व एवं राजभाषा नीति पर विस्तृत व्याख्यान देकर सभी का ज्ञानवर्धन किया ।

विद्यालय में 01 से 14 सितंबर के दौरान विद्यार्थियों ने अभिनय, नाटक, गीत, कविता, भाषण, निबंध, वाद–विवाद आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। स्पर्धाओं ने सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया तथा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सराहनीय योगदान दिया ।

समापन समारोह के अवसर पर विदयालय के प्राचार्य अजय नासरे ने हिन्दी भाषा के महत्व एवं स्वच्छता पर प्रकाश डालते हुए पूरे विद्यालय परिवार को अपने जीवन में हिंदी को व्यवहारगत

प्रयोग में लाने के लिए प्रोत्साहित किया तथा बच्चों एवं कर्मचारियों का ज्ञानवर्धन किया । इस अवसर पर बच्चों द्वारा स्वच्छता एवं हिन्दी पखवाड़ा के सम्बन्ध में रैली निकाली गई तथा नारों के द्वारा लोगों का उत्साहवर्धन किया गया ।

उपरोक्त कार्यक्रम की रूप-रेखा तैयार करने में हिन्दी पखवाड़ा हेतु आयोजक कमलेश उपाध्याय




एवं स्वच्छता पखवाड़ा हेतु आयोजिका सुश्री पूजा ठाकुर ने अपने सराहनीय प्रयासों के द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाई । कार्यक्रम की सफलतार्थ समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारियों ने योगदान दिया।